**<u>लोक सभा</u>**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 201**

**14 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए**

**इस्पात संकुल**

**201. डॉ॰ बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः**

**श्री तालारी रंगैय्याः**

**श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारत में इस्पात संकुलों के विकास हेतु प्रारूप फ्रेमवर्क को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश राज्य हेतु किसी नए इस्पात संकुल को मंजूरी दी गई है और क्या उक्त संकुल इस फ्रेमवर्क के अंतर्गत अनुषंगी और डाउनस्ट्रीम या मूल्यवर्धित संकुल में आते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय ने देश में इस्पात कलस्टरों के विकास के लिए एक मसौदा फ्रेमवर्क नीति को तैयार किया है। इस्पात कलस्टरों के विकास के लिए मसौदा फ्रेमवर्क नीति का उद्देश्य मौजूदा इस्पात कलस्टरों के विकास एवं विस्तार के साथ-साथ ग्रीनफील्ड इस्पात कलस्टरों की स्थापना को सुकर बनाना है। ये इस्पात कलस्टर न केवल देश को मूल्यवर्धित इस्पात तथा पूँजीगत सामानों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेंगे बल्कि इस्पात मंत्रालय की 'पूर्वोदय' पहल के एक भाग के रूप में छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश आदि राज्यों को शामिल करते हुए विशेष रूप से देश के पूर्वी भाग में रोजगार भी सृजित करेंगे।

****